◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

NEED24 NEWS
हर ख़बर, हर शहर

नीड 24 न्यूज़

हर खबर, हर शहर

◆ ADVT ◆
यहाँ विज्ञापन दें
98700 06472 · need24.digital

DIGITAL E-PAPER

PRGI APPLICATION
UNDER PROCESS
Application No.
T/GJ/2026/0619/2304/1577

GST
GSTIN
24CINPG0564Q1ZT

UDYAM REGISTERED
UDYAM-GJ-14-0003714

◆ DIGITAL NEWS NETWORK ◆
भारत का भरोसेमंद बहुभाषी डिजिटल न्यूज़ नेटवर्क
11+ Languages | 24×7 Live | e-Paper Daily

हमारा App डाउनलोड करें
Download on the App Store
GET IT ON Google Play

www.need24.digital
info@need24.in
+91 98700 06472
FOLLOW US:

तेज़ | सटीक | निष्पक्ष | जनहित में | सच की आवाज़ | जन-जन की आवाज़ | निडर पत्रकारिता

गंगापुर में विद्युत पेंशनर्स की बैठक होगी आज



गंगापुर सिटी | राजस्थान विद्युत सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के गंगापुर क्षेत्र के पेंशनर्स की बैठक 12 नवंबर को सुबह 11 बजे सिटी पावर हाउस में होगी। संयुक्त महामंत्री जगदीश प्रसाद शर्मा ने बताया कि बैठक की अध्यक्षता विशंभर दयाल गुप्ता करेंगे। इसमें क्षेत्र के सभी सेवानिवृत्त विद्युत कर्मचारियों से समय पर पहुंचने की अपील की गई है। बैठक में पेंशनरों से जुड़ी समस्याओं, जीवन प्रमाण पत्र सहित अन्य विषयों पर चर्चा होगी। संघ के पदाधिकारी सदस्यों की बात सुन

— Vipin Singhal

कार की टक्कर से बाइक सवार की हुई थी मौत, साथी गंभीर घायल हुआ



जलोखरा गांव से गंगापुर सिटी लौटते समय बाइक को पीछे से टक्कर मारने के मामले में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण ने महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संख्या-2, गंगापुर सिटी की पीठासीन अधिकारी ने मृतक के परिजनों और घायल बाइक सवार के पक्ष में कुल 18 लाख 20 हजार 446 रुपए का मुआवजा अवार्ड पारित किया है।

इसमें से मृतक महेश सैनी के परिवार को 16 लाख 58 हजार

840 रुपए, तथा घायल मुकेश को 1 लाख 61 हजार 606 रुपए दिलाने के आदेश दिए गए हैं। दोनों मुआवजा राशियों पर अलग-अलग दावा याचिका प्रस्तुत करने की तारीख से 7 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी देय होगा। परिवादी के अधिवक्ता सीताराम गुप्ता व रजत कुमार गुप्ता ने बताया कि 12 सितंबर 2020 को रात करीब 8:30 बजे महेश सैनी और उसका मित्र मुकेश बाइक से बाढ़ जलोखरा गांव में शहजाद को छोड़कर गंगापुर सिटी लौट रहे थे। प्रेमप्रकाश के फार्म हाउस के पास पीछे से तेज गति से आ रही और लापरवाही से चलाई जा रही होंडा अमेज कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। हादसे

— Vipin Singhal

ग्रामीण रोजगार योजना में शिकायतों का 15 दिन में करना होगा समाधान



गंगापुर सिटी | ग्रामीण रोजगार योजना में काम नहीं मिलने, मजदूरी का भुगतान अटकने, या कार्यों में अनियमितता होने पर अब श्रमिकों को शिकायत के समाधान के लिए लंबा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। केंद्र सरकार ने शिकायतों के निस्तारण के लिए नए नियम लागू किए हैं। इनके तहत शिकायत मिलने के 7 कार्यदिवस के भीतर जांच पूरी करनी होगी। 15 दिन के भीतर उसका समाधान करना अनिवार्य होगा। खास बात यह है कि शिकायत की भाषा, या लिखने का प्रारूप सही नहीं होने पर भी अधिकारी उसे दर्ज करने से मना नहीं कर सकेंगे। प्रत्येक शिकायत का रजिस्ट्रेशन नंबर देना भी जरूरी होगा। केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्रालय ने वीबी-जी राम जी योजना के लिए शिकायत निवारण नियम-2026 की अधिसूचना 2 नवंबर को जारी की है। आदेश जारी होते ही ये नियम प्रभावी हो गए हैं। इसके तहत ग्राम पंचायत, ब्लॉक, और जिला स्तर पर शिकायतों की सुनवाई के लिए अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। योजना से जुड़े कामकाज में किसी भी तरह की परेशानी होने पर

Title (शीर से

श्रमिक इन अधिकारियों के समक्ष अपनी शिकायत रख गीण रोज सकेंगे। शिकायत

— Vipin Singhal

आज होगा मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशन



नए साल में मतदाता सूची में नाम जुड़वाने, हटवाने और विवरण में संशोधन करवाने का अवसर मिलने जा रहा है। भारत निर्वाचन आयोग ने 1 जनवरी 2027 की अर्हता तिथि के संदर्भ में निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्यक्रम घोषित कर दिया है। इसके तहत 12 नवंबर को मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशित होगा। इसके बाद 11 दिसंबर तक दावे और आपत्तियां दर्ज करवाई जा सकेंगी। सभी प्रक्रियाएं पूरी होने के बाद 4 जनवरी 2027 को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी कानाराम ने बताया कि प्रारूप सूची के प्रकाशन के साथ ही मतदाता अपने नाम, पते और अन्य विवरणों की जांच कर सकेंगे। सूची में नाम नहीं होने पर पात्र नागरिक नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। गलत प्रविष्टियों में सुधार और अपात्र नामों के संबंध में प्रक्रिया के तहत दावा-आपत्ति प्रस्तुत की जा सकेगी।

— Vipin Singhal

युवक की हत्या मामले में जल्द कार्रवाई की मांग: महिपाल सिंह की गिरफ्तारी मामले में सरकार से हस्तक्षेप की भी गुहार, सवर्ण समाज ने सौंपा ज्ञापन



गंगापुर सिटी में सवर्ण समाज संघर्ष समिति ने गुरुवार को उपखंड अधिकारी के जरिए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। समिति ने डीग जिले के सुंदरावली गांव में बृजेश शर्मा की हत्या और उनके परिजनों पर हमले के मामले में कार्रवाई की मांग की। साथ ही मध्य प्रदेश में महिपाल सिंह मकराना की गिरफ्तारी के मामले में राजस्थान सरकार से हस्तक्षेप और निष्पक्ष जांच की मांग की।

समिति ने कहा कि सुंदरावली (ब्रजनगर) में अपनी इच्छा से मतदान करने के कारण बृजेश शर्मा की हत्या हुई और परिवार के सदस्य गंभीर रूप से घायल हुए। ज्ञापन में आरोपियों पर कार्रवाई और दोषी अधिकारियों को बर्खास्त करने की मांग की गई।

समिति ने पीड़ित परिवार को 1 करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग भी रखी।

— Vipin Singhal

पंचायत चुनाव के लिए मतदान केंद्रों पर तैयारियां पूरी: दिव्यांगों के लिए व्हीलचेयर और मतदाताओं के लिए हेल्प डेस्क बनेगी



गंगापुर सिटी में पंचायती राज संस्थाओं के आम चुनाव-2026 के लिए मतदान केंद्रों पर तैयारियां की जा रही हैं। पंचायत समिति गंगापुर सिटी के लिए नियुक्त 14 जोनल मजिस्ट्रेट की बैठक गुरुवार को हुई। रिटर्निंग अधिकारी और एसडीएम विनोद कुमार ने बैठक की अध्यक्षता की।

जिला परिषद और पंचायत समिति सदस्यों के लिए 14 नवंबर को मतदान होगा। पंच सरपंच पदों के लिए 16 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। एसडीएम ने मतदान केंद्रों पर जरूरी व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए।

जिन केंद्रों की चारदीवारी नीची है, वहां बैरिकेडिंग कराई जाएगी। पर्याप्त रोशनी के लिए जनरेटर, चार्जिंग बल्ब और पेट्रोमैक्स रखे जाएंगे। खिड़कियां अस्थायी रूप से बंद करने के साथ पेयजल, बिस्तर, संकेतक बोर्ड और हेल्प डेस्क की व्यवस्था भी होगी। दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हीलचेयर उपलब्ध कराई ज

— Vipin Singhal

खिलाड़ी दिखाएंगे दमः जयपुर में वेटरन क्रिकेट लीग का कल से आगाज, टी-20 में भिड़ेंगी 5 टीमें



क्रिकेट खेलने का जुनून उम्र के साथ कम नहीं होता, लेकिन नौकरी, परिवार और दूसरी जिम्मेदारियों के चलते कई खिलाड़ियों को एक समय बाद अपना पसंदीदा खेल छोड़ना पड़ता है। कुछ खिलाड़ी ऐसे भी हैं, जिन्होंने कभी जिला, राज्य या राष्ट्रीय स्तर पर क्रिकेट खेला, लेकिन समय के साथ मैदान से दूरी बन गई।

अब ऐसे ही खिलाड़ियों को दोबारा क्रिकेट के मैदान पर उतरने का मौका मिलने जा रहा है। जयपुर में विजन क्रिकेट इंडिया लीग (वीसीआईएल) की शुरुआत की जा रही है। इसके तहत 40 वर्ष, 50 वर्ष और 60 वर्ष से ज्यादा आयु के खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर के टी-20 मुकाबलों में अपना खेल दिखाएंगे।

13 से 15 नवंबर तक जयपुर में राष्ट्रीय वेटरन टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित होगा। इसमें देश के अलग-अलग हिस्सों से आईं 5 टीमें हिस्सा लेंगी। मुकाबले रणवीर सिंह क्रिकेट स्टेडियम और सोनी स्टेडियम में खेले जाएंगे।

— Vipin Singhal

दीपावली पर रणथम्भौर से आई खुशखबरी बाघिन टी-125 (सिद्धि) शावक संग दिखी



सवाई माधोपुर | दीपावली पर रणथम्भौर टाइगर रिजर्व से वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में एक सुखद एवं उत्साहजनक खबर सामने आई है। रणथम्भौर की लगभग 8 वर्षीय बाघिन टी-125 (सिद्धि) को कैमरा ट्रैप में अपने एक शावक के साथ देखा गया। बाघिन की शावक के साथ मौजूदगी रणथम्भौर के बाघ परिवार के लिए एक और सकारात्मक संकेत है।

उपवन संरक्षक प्रथम मानस सिंह के अनुसार बाघिन सिद्धि का यह दूसरा लिटर (प्रसव) है। कैमरा ट्रैप में फिलहाल एक शावक दिखाई दिया है। हालांकि शावकों की वास्तविक संख्या इससे ज्यादा भी हो सकती है। वन विभाग क्षेत्र में लगाए कैमरा ट्रैप की लगातार निगरानी कर रहा है। आगामी दिनों में शावकों की वास्तविक संख्या की पुष्टि की जाएगी।

— Vipin Singhal

परिवार की कुशल कामना की मन्नत मांगी



सवाई माधोपुर | जिला मुख्यालय के शहर स्थित सरोलिया मोहल्ला राजबाग में सायंकाल गोवर्धन भगवान की पूजा अर्चना कर लोगों ने परिवार की सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। शहर के विभिन्न मोहल्लों में महिला-पुरुषों ने घरों में गाय के गोबर से भगवान श्रीकृष्ण की कनिष्ठिका अंगुली पर गोवर्धन पर्वत धारण किए हुए आकृति बनाई। इसे फूलों और रंगों से आकर्षक सजाया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण को विभिन्न प्रकार के पकवानों का भोग लगाया। मंदिरों में अन्नकूट प्रसाद तैयार कर भगवान को समर्पित किया गया। इसके बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया। इस मौके पर रूपचंद नापित, सत्य प्रकाश वर्मा, हरिप्रसाद गुप्ता, अनिल सेन, विनीत गुप्ता, गौरव गुप्ता, हेमंत सेन, गोलू सेन आदि उपस्थित रहे।

— Vipin Singhal

मतदान दलों की व्यवस्थाएं, संवेदनशील केंद्रों पर निगरानी और मतगणना की तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए



ायती राज संस्थाओं के आम चुनाव 2026 के चतुर्थ चरण के तहत जिले की चौथ का बरवाड़ा, सवाई माधोपुर, वजीरपुर एवं गंगापुर सिटी पंचायत समितियों में होने वाले निर्वाचन की तैयारियों को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर काना राम की अध्यक्षता में मंगलवार को समीक्षा बैठक आयोजित हुई।

बैठक में रिटर्निंग अधिकारियों, सहायक रिटर्निंग अधिकारियों एवं संबंधित विकास अधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़ी व्यवस्थाएं समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केंद्रों की स्थिति की समीक्षा की। वहां विशेष निगरानी एवं पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सेक्टर एवं एरिया मजिस्ट्रेट, मतदान दलों तथा रिजर्व मतदान दलों के आवास, भोजन एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था करने को कहा। डाक मतपत्र से मतदान के लिए गठित टीमों की नियुक्ति एवं कार्ययोजना भी समय पर सुनिश्चित करने के

— Vipin Singhal

बाजोली में हार-जीत की बात पर भड़की रंजिश, पत्थर चले, 40 लोग गिरफ्तार



पंचायतीराज चुनाव में हार-जीत की बात को लेकर ग्राम बाजौली में दो पक्षों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि देखते ही देखते पत्थरबाजी शुरू हो गई। चुनाव के नतीजों पर हुई कहासुनी ने गांव में तनाव का माहौल पैदा कर दिया।

बताया जा रहा है कि हार-जीत को लेकर दोनों पक्षों में पहले तक पहुंच गई। अचानक शुरू हुई पत्थरबाजी से गांव में अफरा-तफरी मच गई। लोग अपने घरों में छिपने को मजबूर हो गए। सूचना पर बहरावण्डा कलां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस ने सख्त कदम उठाते हुए दोनों पक्षों के कुल 40 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। सभी को बीएनएसएस की धारा 126/170 के तहत गिरफ्तार किया गया। पुलिस का कहना है कि हार-जीत की बात पर कानून को हाथ में लेने की अनुमति किसी को नहीं दी जाएगी।

चुनावी रंजिश को लेकर गांव की शांति भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

— Vipin Singhal

मंदिरों में अन्नकूट महोत्सव की रही धूम, भगवान को लगाया भोग



सवाई माधोपुर | दीपावली और गोवर्धन के त्यौहार पर मंगलवार को शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न मंदिरों में अन्नकूट महोत्सव श्रद्धा और उल्लास के साथ आयोजित किया गया। इस दौरान मंदिरों में भगवान को अन्नकूट का भोग लगाकर विशेष पूजा-अर्चना की गई।

शहर के बजरिया स्थित श्री विजयेश्वर धर्मार्थ ट्रस्ट शिव मंदिर में अन्नकूट महोत्सव को लेकर विशेष तैयारियां की गईं। पूजा-अर्चना और आरती के बाद श्रद्धालुओं को अन्नकूट की प्रसादी वितरित की गई। प्रसादी ग्रहण करने के लिए मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। इस दौरान महिलाओं, पुरुषों और बच्चों ने उत्साह के साथ धार्मिक आयोजन में भाग लिया। मंदिर परिसर में भक्ति और उल्लास का माहौल बना रहा।

इसी प्रकार शहर के अन्य मंदिरों के साथ ग्रामीण क्षेत्रों के मंदिरों में भी अन्नकूट महोत्सव आयोजित किया गया। गांवों में सामूहिक रूप से प्रसादी तैयार कर भगवान को भोग लगाया गया और बाद में ग्रामीणों को प्रसादी वितरित की गई।

— Vipin Singhal

बंजारा और बागरिया बस्ती में मिठाई बांटी



चौथ का बरवाड़ा | दीपावली के पर्व पर सामाजिक सौहार्द और खुशियां बांटने की पहल करते हुए निवर्तमान प्रधान संपत पहाड़िया एवं समाजसेवी कमलेश पहाड़िया ने उपखंड मुख्यालय स्थित बंजारा और बागरिया बस्तियों में पहुंचकर लोगों को मिठाई के डिब्बे वितरित किए। उन्होंने पर्व की खुशियां सभी के साथ साझा करते हुए आपसी भाईचारे, प्रेम और सद्भाव के साथ त्योहार मनाने का संदेश दिया।

— Vipin Singhal

सरकार सख्त



सवाई माधोपुर किसानों को रियायती दरों पर उर्वरक उपलब्ध कराने तथा खाद की कालाबाजारी, जमाखोरी, अवैध भंडारण एवं औद्योगिक उपयोग पर रोक लगाने के लिए राज्य सरकार ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। अनुदानित यूरिया एवं डीएपी का गैर-कृषि कार्यों में उपयोग, अवैध बिक्री अथवा निर्धारित दर से अधिक कीमत पर बिक्री करने वालों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई में लापरवाही बरतने वाले संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जाएगी। संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार लखपत मीना ने बताया कि आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत उर्वरकों की कालाबाजारी एवं नियमों के उल्लंघन पर तीन माह से सात वर्ष तक के कारावास एवं जुर्माने का प्रावधान है। अवैध परिवहन में प्रयुक्त वाहनों को भी नियमानुसार जब्त किया जा सकता है। औद्योगिक इकाइयों को गैर-अनुदानित यूरिया की खरीद एवं उससे संबंधित उत्पादन का मासिक विवरण विभाग को देना होगा। संयुक्त निदेशक कृषि विस्तार के अनुसार 1 अप्रैल से 10 नवंबर 2026 तक जिले में 21,032 मीट्रिक टन डीएपी एवं 56,025 मीट्रिक टन यूरिया की आपूर्ति

— Vipin Singhal

मित्रपुरा: परिवादी से संपर्क किए बिना ही ऑनलाइन परिवाद खारिज



सवाई माधोपुर | मित्रपुरा पुलिस की कार्यप्रणाली एक बार फिर सवालों के घेरे में है। राजकोप सिटीजन एप के माध्यम से दर्ज एक ऑनलाइन परिवाद को परिवादी से संपर्क किए बिना ही खारिज करने का मामला सामने आया है। परिवादी ने पुलिस पर शिकायत की गंभीरता से जांच नहीं करने और तथ्यों की अनदेखी करने का आरोप लगाया है। परिवादी ओमप्रकाश के अनुसार किसी मामले को लेकर उन्होंने बौली नगर पालिका में कार्यरत सहायक लेखाधिकारी नवल किशोर मीना को फोन किया था। इस दौरान कथित तौर पर मीना ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी।

— Vipin Singhal

आज कर्क से सिंह राशि में प्रवेश करेंगे मंगल, 5 राशियों के लिए रहेगा शुभ, 118 दिनों तक धन और कॅरियर में फायदे के योग



ज्योतिषीय गणना के अनुसार 12 नवंबर को मंगल ग्रह कर्क राशि से निकलकर सिंह राशि में प्रवेश करेंगे। मंगल का यह राशि परिवर्तन ज्योतिषीय दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मंगल इस राशि में 9 मार्च 2027 तक रहेंगे। इस प्रकार करीब 118 दिनों तक मंगल का सिंह राशि में गोचर रहेगा। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार मंगल को साहस, ऊर्जा, पराक्रम और आत्मविश्वास का कारक ग्रह माना जाता है, जबकि सिंह राशि के स्वामी सूर्य हैं। के कारण इस गोचर को पांच राशियों के जातकों के लिए विशेष रूप से शुभ फलदायी माना जा रहा है। इस दौरान कुछ राशियों के जातकों को नौकरी, कारोबार, आर्थिक स्थिति और करियर में उन्नति के अवसर मिल सकते हैं।

ज्योतिषाचार्य पंडित ताराचंद शास्त्री के अनुसार मंगल का सिंह राशि में प्रवेश कई लोगों के लिए लंबे समय से अटके कार्यों को पूरा करने का अवसर लेकर आ सकता है। इस अवधि में आत्मविश्वास और निर्णय लेने की क्षमता में वृद्धि

— Vipin Singhal

सवाई माधोपुर निवासी कुशाग्र का राजस्थान फुटबॉल टीम में चयन



सवाई माधोपुर | शहर स्थित एक निजी स्कूल के छात्र कुशाग्र गौतम का 14 वर्षीय आयु वर्ग की राजस्थान फुटबॉल टीम में चयन हुआ। प्रिंसिपल देवेन्द्र सिंह हाड़ा ने बताया कि यह टीम 70वीं राष्ट्रीय स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेगी। प्रतियोगिता 12 से 17 नवंबर तक मध्य प्रदेश के छतरपुर में होगी। टीम का प्रशिक्षण शिविर 4 से 9 नवंबर तक बीकानेर में चला। इसके बाद टीम छतरपुर के लिए रवाना हो गई। उल्लेखनीय हैं कि कुशाग्र गौतम के पापा हेमंत गौतम और चाचा विशाल गौतम भी फुटबॉल के खिलाड़ी है। चाचा विशाल नेशनल खिलाड़ी रहे हैं। उन्होंने स्कूल नेशनल ट्रॉफी और सीनियर नेशनल संतोष ट्रॉफी में राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया है। वर्तमान में शारीरिक शिक्षक के पद पर कार्यरत हैं। कुशाग्र के कोच संजय सिंह (चंचल) और जय सिंह भी नेशनल प्लेयर रहे हैं। कुशाग्र के चयन पर विद्यालय परिवार और उनके कोच ने कुशाग्र को बधाई दी।

— Vipin Singhal

डाक विभाग ने कृषि मंत्री किरोड़ी को भेंट किया 'माय स्टाम्प' डाक टिकट



सवाई माधोपुर | भारतीय डाक विभाग की ओर से कैबिनेट मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीना को विशेष रूप से तैयार किया गया 'माय स्टाम्प' डाक टिकट विभाग के रमाकांत शर्मा ने भेंट किया। कृषि मंत्री को भारतीय डाक विभाग की इस अनूठी पहल के बारे में जानकारी दी गई। 'माय स्टाम्प' योजना के माध्यम से आम नागरिक भी अपनी फोटो एवं विशेष स्मृतियों को डाक टिकट के रूप में प्रकाशित करवा सकते हैं। कृषि मंत्री डॉ. किरोड़ी ने डाक विभाग की इस अनूठी पहल की सराहना की। साथ ही डाक विभाग की इस विशेष पहल को जन-जन तक पहुंचाने एवं डाक विभाग की योजनाओं के प्रचार-प्रसार के प्रति उत्साह व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि डाक विभाग का उद्देश्य अपनी आधुनिक सेवाओं एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रचार-प्रसार के माध्यम से आमजन तक पहुंचान

— Vipin Singhal

बहनो ं ने शुभ मुहूर्त मे ं भाइयो ं के तिलक लगा की सुख-समृद्ध ि की कामना



जिले मे ं बुधवार को भाई दूज का पर्व हर्षोल्लास और

पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया गया। पर्व को लेकर सुबह से ही शहर के बाजारों में रौनक देखन े को मिली। मिठाई, नारियल, फल और पूजा सामग्री की दुकानो ं पर खरीदारी के लिए लोगों की भीड रही। खासकर मिठाई और नारियल की दुकानो ं पर ग्राहकों की आवाजाही बनी रही। बहनो ं ने भाइयो ं के लिए मिठाइयां, नारियल और पूजन सामग्री खरीदी। बाजारों में त्योहार के चलते अच्छी चहल-पहल रही।

भाई दूज पर बहनो ं ने शुभ मुहूर्त मे ं पूजा-अर्चना कर अपने भाइयो ं के माथ े पर तिलक लगाया और उन्हें मिठाई खिलाई। भाइयो ं की लंबी आयु, अच्छे स्वास्थ्य और सुख-समृद्ध ि की कामना की। वही ं भाइयो ं ने भी अपनी बहनों को उपहार भेंट कर उनकी रक्षा और सहयोग का संकल्प दोहराया। घरों में सुबह से ही पर्व की तैयारियां शुरू हो गई थीं। बहनो ं ने पूजा की थाली सजाई, उसमें रोली, चावल, दीपक, मिठाई और नारियल रखकर परंपरागत तरीके से भाई दूज का पूजन किया।

— Vipin Singhal

बहनो ं ने भाइयो ं के दीर्घाय ु की कामना की



बाटोदा | क्षेत्र मे ं भाई-बहन के अटूट प्रेम, स्नेह और विश्वास का प्रतीक भाई दूज का पर्व बुधवार को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर घरों मे ं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ धार्मिक एवं पारिवारिक परंपराओं का निर्वहन किया

गया। लगाकर उनकी सुख-समृद्ध ि और दीर्घाय ु की कामना की। पर्व को लेकर सुबह से ही घरों में उत्साह का माहौल रहा। भाई दूज पर कई परिवारों मे ं बहनें अपने भाइयो ं के घर पहुंचीं, वही ं भाइयो ं ने भी बहनो ं के घर जाकर पर्व की परंपराओं का निर्वहन किया। परिवार के सदस्यों ने एक-दूसरे को पर्व की शुभकामनाएं दीं।

— Vipin Singhal

सवाईमाधोपुर में एक्यूआई का लेवल 305 पर, आमतौर पर 50 से 90 के बीच रहता ह ै



दीपावली त्यौहार पर एक ओर लोग पटाख े फोड़ कर खुशियां मना रहे हैं, वही ं पटाख े फोड़न े तथा पंचायती राज चुनाव के लिए जमा किए गए वाहनों की आवाजाही से आबोहवा जहरीली हो रही है। इसके चलते अस्थमा और सांस की बीमारी से पीड़ित लोगों सहित बुजुर्गों ओर बच्चों के लिए भी परेशानी बढ़ती जा रही है। हवा में प्रदूषण बढ़न े से लोगों को कई तरह की समस्याओ ं का सामना करना पड ़ सकता है।

प्रदूषण विभाग के क्षेत्रीय अधिकारी बलजीत मीणा के अनुसार आमतौर पर सवाई माधोपुर का एक्यूआई लेवल औसतन 50 से 90 के बीच रहता है, लेकिन विगत एक नवम्बर से सवाई माधोपुर शहर की हवा में प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है। एक नवम्बर को सवाई माधोपुर का एक्यूआई लेवल 119 दर्ज किया गया था, जो 2 नवम्बर को बढ़कर 147, 3 नवम्बर को 220, 4 नवम्बर को 232 ओर फिर 5 नवम्बर की एक्यूआई लेवल 300 पार कर गया, जो बेहद घातक माना जात

— Vipin Singhal

सवाईमाधोपुर की 117 ग्राम पंचायतों में सरपंच पद के संभावित दावेदार: जानिए आपके क्षेत्र में कौन कर रहा दावेदारी



पंचायती राज चुनाव के चौथ े चरण में सवाई माधोपुर जिले की पंचायत समिति सवाई माधोपुर, चौथ का बरवाड़ा, वजीरपुर और गंगापुर सिटी की 117 ग्राम पंचायतों मे ं पंच सरपंच के चुनाव होंगे। पंचायतों के एक-एक गांवों मे ं पहुंची और पहली बार उन दावेदारों के नाम सामन े लेकर आई, जो सरपंच का चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं।

जिले की चार पंचायत समितियो ं की 117 ग्राम पंचायतों में चुनाव के दावेदारों ने डोर-टू-डोर कैंपेन शुरू कर दिया है। ऐस े में आगामी दिनो ं में प्रचार अभियान और तेज हो जाएगा।

आन े वाले दिनो ं मे ं दावेदारों की संख्या और बढ़न े की संभावना है। वहीं, कई ग्राम पंचायतों में निर्विरोध सरपंच चुनन े के लिए एक नाम पर सहमति बनान े के प्रयास भी किए जा रहे हैं। गांवों की चौपालो ं पर संभावित उम्मीदवारों को लेकर चर्चाओं

का दौर तेज हो गय

— Vipin Singhal

रंजिश मे ं युवक पर फायरिंग, पैर में लगी गोली: पुलिस ने नाकाबंदी कर तीन बदमाशों को किया डिटेन, स्कॉर्पियो जब्त



सवाई माधोपुर के सूरवाल थाना क्षेत्र के लोरवाड़ा गांव में पुरानी रंजिश मे ं बदमाशों ने एक युवक पर फायरिंग कर दी। गोली लगने से युवक घायल हो गया। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही जिला पुलिस ने नाकाबंदी कर आरोपियो ं की तलाश शुरू की। पुलिस की संयुक्त टीमो ं ने बौली थाना क्षेत्र से मुख्य आरोपी सहित तीन जनों को डिटेन कर लिया। पुलिस ने वारदात मे ं इस्तेमाल स्कॉर्पियो कार भी जब्त की है। घटना गुरुवार दोपहर करीब ढाई बज े की है।

नाकाबंदी के दौरान तीनों आरोपियों को पकड़ा

सूरवाल थानाधिकारी राकेश कुमार शर्मा ने बताया - लोरवाड़ा गांव में अविनाश उर्फ राजू पंडित निवासी लोरवाड़ा ने अपने दो अन्य साथियो ं के साथ मिलकर अमरसिंह पुत्र मीठालाल पर फायरिंग कर दी। इस दौरान गोली अमरसिंह के पैर में लगी, जिसस े वह घायल हो गया।

घटना के बाद तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर एसपी ज्येष्ठा मैत्रेयी के सुपरविजन मे ं सूरवाल

— Vipin Singhal

वार्डों में वोटिंग 14 को: जिला परिषद के 16 वार्डों मे ं भी होगा मतदान, 144 ग्राम पंचायतों में 16 को चुनाव



करौली जिले की 5 पंचायत समितियो ं की 144 ग्राम पंचायतों में पंच और सरपंच पदो ं के लिए 16 नवंबर को मतदान होगा। पंचायत समिति और जिला परिषद सदस्यों के लिए 14 नवंबर को वोट डाले जाएंगे।

पंचायत समिति के 91 वार्डों और जिला परिषद के 16 वार्डों में मतदान होगा। चुनाव शांतिपूर्ण कराने के लिए जिला प्रशासन और पुलिस ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। शुक्रवार को मतदान दल रवाना होंगे।

पंच-सरपंच का नामांकन 15 को

चौथ े चरण मे ं सपोटरा, कुड़गांव, मंडरायल, टोडाभीम और बालघाट पंचायत समितियो ं मे ं चुनाव होंगे। सपोटरा में 32, कुड़गांव में 32, मंडरायल में 29, टोडाभीम में 25 और बालघाट में 26 ग्राम पंचायतें हैं।

पंच-सरपंच चुनाव के लिए 15 नवंबर को नामांकन पत्र

दाखिल होंगे। मतदान 16 नवंबर को होगा।

— Vipin Singhal

करौली की 144 पंचायतों में सरपंच के दावेदार: दैनिक भास्कर एप पर पहली बार देखिए दावेदारों की सूची, मतदान 16 नवंबर को



राजस्थान मे ं पंचायती राज चुनाव के चौथ े चरण में करौली जिले की 5 पंचायत समितियो ं की 144 ग्राम पंचायतों में चुनाव होंगे। दैनिक भास्कर न्यूज एप की टीम ने गांवों में जाकर सरपंच पद के दावेदारों के नाम जुटाए हैं।

कई गांवों मे ं दावेदारों की लंबी सूची है, जबकि कुछ जगहो ं पर एक नाम पर सहमति बनती दिख रही है। हालांकि, अंतिम फैसला नामांकन के दिन होगा।

चौथ े चरण मे ं सपोटरा, टोडाभीम, मंडरायल, कुडगांव और बालघाट पंचायत समितियो ं की ग्राम पंचायतों मे ं चुनाव होंगे। पंच और सरपंच पदो ं के लिए मतदान 16 नवंबर को होगा। जाएंगे। मतदान बैलेट पेपर से होगा। वोटिंग खत्म होने के बाद उसी दिन मतगणना होगी और नतीज े घोषित किए जाएंगे।

सपोटरा और कुडगांव की 32-32, मंडरायल की 29, टोडाभीम की 25 और बालघाट की 26 ग्राम पंचायतों में चुनाव होंगे।

— Vipin Singhal

करौली मे ं सांस अभियान शुरू, पोस्टर का किया विमोचन: 5 साल तक के बच्चों में निमोनिया के लक्षण दिखन े पर डॉक्टर को दिखान े की अपील



करौली में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने बच्चों को निमोनिया से बचान े और लोगों को जागरूक करने के लिए 12 नवंबर से सांस अभियान शुरू किया है। जिला स्तर पर जागरूकता पोस्टर का विमोचन किया गया।

सीएमएचओ डॉ. सतीश चंद मीणा ने अभिभावकों से अपील की कि बच्चों में निमोनिया के लक्षण दिखन े पर तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। उन्होंन े बताया कि 5 साल तक के बच्चों में समय पर पहचान और इलाज नही ं मिलने पर निमोनिया जानलेवा हो सकता है।

पोस्टर विमोचन कार्यक्रम मे ं सीएमएचओ डॉ. सतीश चंद मीणा, डीटीओ डॉ. धर्मेंद्र, जिला कार्यक्रम अधिकारी आशुतोष पांडे, जिला कार्यक्रम समन्वयक (आशा) विश्वेंद्र कुमार शर्मा और जिला कार्यक्रम समन्वयक (आईईसी) लखन सिंह लोधा मौजूद रहे।

— Vipin Singhal